हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

12 धान कटाई अंतिम चरण में कहीं हार्वेस्टर से तो कहीं...



14 श्रीराधाकृष्ण मंदिर का शताब्दी महोत्सव...





## खबर संक्षेप

### मां-बेटे से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर बागबाहरा में चार लोगों ने मां-बेटे के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अश्वनीबाई नागरची निवासी वार्ड नं 09 पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि 26 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे सुशील मरकाम, कुलेश मरकाम, देवकुमार मरकाम, पुनाराम मरकाम पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहे थे, तब उसने घर से बाहर निकल कर गाली गलौज करने से मना किया। इस पर आरोपी सुशील मरकाम एवं पुनाराम मरकाम द्वारा किसी धारदार हथियार से दोनों हाथों में वार कर बाल पकड़कर रेलवे पटरी की ओर खींच कर लेकर जा रहे थे, उसी समय उसका लड़का प्रेम देव आया और बीच बचाव करने लगा। तब प्रेमदेव के साथ उक्तप चारों व्यक्तियों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट करने लगे और प्रेम देव के पीठ में किसी धारदार हथियार से वार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को भगवान दास मरकाम वार्ड नं 09 पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि 26 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे मामी तुलसी मरकाम के साथ केशव मरकाम के घर के सामने ठगेश्वर मरकाम, केशव मरकाम, अब्बू मरकाम तथा अश्वनी मरकाम निवासी वार्ड नं 9 पिथौरा चौक बागबाहरा के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। तब प्रार्थी और तुलसी मरकाम का लड़का दुष्यंत मरकाम विवाद लड़ाई झगडा को छुडाने गये।

### अवैध धान भंडारण व परिवहन पर सतत कार्रवाई

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग तथा मंडी प्रबंधन की संयुक्त टीमों द्वारा आज एवं बीती रात विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई के दौरान कुल 2668 कट्टा धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्राम खेमड़ा में उत्तर सिंह, खिलावन और पुनीत राम पिता शोभा राम धृतलहरे के घर एवं तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में कुल 575 कट्टा धान पाए गए।

# नवापारा में ट्रैफिक नियमों का किया उल्लंघन तो ऑनलाइन कटेगा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले अब सावधान हो जाए। क्योंकि बड़े शहरो एवं नवा रायपुर की तर्ज पर नवापारा में भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालो का ऑनलाइन चालान कटना शुरू हो गया है। बता दें कि नवापारा से तर्री, दुलना, कठौली, मौरीकला, कुरूद मार्ग पर सीसी टीवी कैमरे परिवहन विभाग द्वारा लगाया गया है। इस कैमरे से अब तेज रफ्तार, बगैर बीमा एवं पॉल्यूशन सर्टिफिकेट बगैर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं है। नगर के तर्री रोड में लगे परिवहन विभाग के सीसीटीवी कैमरे वहां गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों पर मोटरयान अधिनियम, 1988 एवं उसके अधीन बने नियम को भंग करने वाले वाहनों पर चालान कर अर्थदंड की कार्यवाही शुरू कर दी है। यदि वाहन का बीमा या पॉल्यूशन नही है तो वाहन मालिक के मोबाइल पर चालान पहुंच जाएगा। तीन सवारी एवं निर्धारित गति से अधिक तेज रफ्तार वाले वाहनों को परिवहन विभाग मोबाइल पर चालान भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। विगत 7 दिनों में कई वाहन चालकों के मोबाइल में ऑनलाइन चालान आ चुकी है। मार्गो पर नियम विरुद्ध दौड़ने वाले वाहनों बीमा एवं पॉल्यूशन न होने वाले वाहन चालकों के मोबाइल में चालान आना शुरू हो गया है। बड़े शहरों की तर्ज पर परिवहन विभाग ▶▶|शेष पेज 12 पर

## बड़े शहरों की तर्ज पर तीसरी आंख से हो रहा निगरानी




### कितना देना होगा चालान

दुपहिया वाहन बगैर बीमा 2000 रुपए, बिना पॉल्यूशन 300, चारपहिया वाहन बिना बीमा 2000 रुपए, बिना पॉल्यूशन 800 रुपए ऑनलाइन चालान कटेगा। इस सिस्टम के बाद लोग अब बीमा और पॉल्युशन का काम कराने दौड़ भाग करने लगे है। गाड़ी में आवश्यक कागजात रखना जरूरी हो गया है वर्ना चालान का सामना करना पड़ेगा।

**समस्या :** क्षेत्र के एक-एक स्कूलों में तीन-तीन, चार–चार शौचालय लेकिन 50 प्रतिशत में नहीं है सुविधाएं

# स्वच्छ भारत अभियान की उड़ीं धज्जियां, मैनपुर के 400 से अधिक स्कूलों में हैं शौचालय बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक तरफ स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार द्वारा वाह वाही लूटी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के कई शासकीय स्कूलों में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही है, शौचालयों की स्थिति काफी हद तक बदतर हो चुकी है अंचल के सरकारी स्कूलों में शौचालय का बुरा हाल है, नियमित सफाई और संबंधित अधिकारियों के देख-रेख के अभाव में शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहे हैं, वहीं विद्यार्थियों को मैदान या दीवार की ओट में लघुशंका की मजबूरी है शौचालय की गंदगी की वजह से शाला परिसर में भी गंदगी फैली हुई है,विद्यार्थियों की मुलभूत जरूरतों और स्कूल की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक शाला 256 मिडिल स्कूल 117 हाईस्कूल 17 एवं हायर सेकेंडरी स्कूल 13 है शासकीय स्कूलों की कुल संख्या 403 है जिसमें अधिकांश स्कूलों में तीन।तीन से चार–चार शौचालय का निर्माण पिछले 15 वर्षो् के भीतर किया गया है और यहां शौचालय कौन–कौन सा योजना के तहत निर्माण किया गया है इसके बारे में स्थानीय संबधित विभाग को भी जानकारी नहीं है, 2005 । 07 के बीच सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी स्कूलों में शौचालय का निर्माण किया जाना था जिसमें कई स्कूलों में आज तक शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा है और आधा अधूरे जो शौचालय का निर्माण किया गया है वह पूरी तरह कंडम और जर्जर हो गया है इसमें पानी वह कोई सुविधा नहीं होने के कारण अधिकांश में ताला लगा हुआ है तथा पेड़ पौधे उग गए हैं, अधिकांश शौचालय में दरवाजा शौचालय सीट नहीं लगाया गया ▶▶|शेष पेज 12 पर








### कमी को किया जाएगा दूर

सर्व शिक्षा अभियान के ब्लॉक समन्वयक बीआरसीसी शिवकुमार नागे ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश शौचालय मे पानी की व्यवस्था है जहां कही कमी है उसे दूर किया जायेगा।

### बच्चे नदी और तालाब तथा जंगल में शौच के लिए जाने मजबूर

मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्रामों की स्कूलों में शौचालय का निर्माण तो किया गया है लेकिन अधिकांश शौचालय में पानी व मूलभूत सुविधा नहीं होने के कारण कक्षा पहली और पांचवी तक के बच्चे शौच के लिए आज भी जंगल तालाब नदी जाने को मजबूर होते हैं ऐसे में हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है जिसकी जानकारी बैठक में संकुल समन्वय को द्वारा समय–समय पर दिया जाता है पर अब तक कार्यवाही नहीं की गई है।

# दो बाइक आमने-सामने से भिड़ीं, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर ब्लॉक के अमलीपदर में भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां धुररवागुड़ी रोड पर गोडीयारी चार चौक के पास दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक सालेभाटा और घुमरापदर के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना इन्दगांव थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही अमलीपदर पुलिस मौके पर पहुंची और 108 की मदद से घायलों को अमलीपदर उप-स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सूत्रें के मुताबिक, एक घायल की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं दूसरी ओर कल अमलीपदर से देवभोग को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर कोकड़ीमाल के पास गंभीर सड़क दुर्घटना होने की सूचना सामने आई है। बाइक और साइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक खड़ी पथरा गांव का निवासी बताया जा रहा है, जबकि साइकिल चालक फटकी गांव का है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन खबर बनाए जाने तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को अस्थायी प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजने की ▶▶|शेष पेज 12 पर



■ अमलीपदर में हुआ भीषण सड़क हादसा

# जमीन की संशोधित गाइडलाइन से किसानों को राहत, खुशी की लहर

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री चौधरी के निर्णय का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जमीन की गाइडलाईन दर मे संशोधन कर वृद्धि करने के फैसले से ग्रामीण अंचल के किसानो मे भारी खुशी देखी जा रही है नई गाइडलाईन को लेकर किसानो ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी व मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुये बधाई प्रेषित किया है। किसान प्रेम बंजारे,सेवाराम साहू,भोजराम साहू,ह्रदय राम साहू,नोहर लाल साहू, मनहरण यादव,लक्ष्मण बघेल, टिकिश राम मंडल, चन्द्रकिशोर चतुर्वेदानी,खेमु भारती, परस साहू,दिनेश कुमार साहू,नान्हू बघेल, कमलेश गिलहरे,भूपेन्द्र गिहलरे,अरूण हरवंश, घनश्याम गिलहरे,नरेश साहू, मोहन साहू,टिकेन्द्र साहू, रामदयाल साहू,बिहारी साहू,गोपाल साहू आदि अलग अलग गांव के किसानो से बढ़ी हुई गाईडलाईन के संबंध मे चर्चा करने पर किसानो ने कहा कि नई गाइडलाईन के निर्धारण से किसान ठगी का शिकार होने से बचेगें वास्तव मे जमीन की कीमत मे कई गुना ज्यादा वृद्धि हो चुकी है जमीन कारोबारी करोड़ो रूपये की जमीन को गाइडलाईन के हिसाब से 10 से 15 लाख रूपये एकड़ का भुगतान कर बाकी पैसे को किसानो के साथ धोखाधड़ी कर हड़प ली जाती है।

### भू माफियाओं पर नकेल

किसानो ने कहा कि क्षेत्र ऐसे सैकड़ो पीड़ित किसान है जिनकी जमीन का बाजार मूल्य के हिसाब से करोड़ो रूपये मे सौदा कर उनको गाईडलाईन के हिसाब से भुगतान कर बाकी पैसा नही दिया गया। किसान न्यायालय का चक्कर काट रहे है वहां भी उनको न्याय नही मिल रहा है, सारखी गांव का एक पीड़ित किसान परउराम साहू ने बताया कि 1 करोड़ 12 लाख रूपये की दर से 3 एकड़ 55 डिसमिल भूमि का सौदा हुआ था लेकिन खरीददार द्वारा शासकीय गाइडलाईन दर के हिसाब से रजिस्ट्री कार्यालय मे भुगतान करने के बाद बाकी पैसा आज तक नही मिला ,व्यापारी की उंची पहुंच के कारण तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय मे बार बार फैसले को बदल दिया जा रहा है इसी तरह क्षेत्र मे सैकड़ो किसान ठगी का शिकार हुये है। गाइडलाईन दर बढने से जमीन की वास्तविक मूल्य पंजीयन के दौरान ही मिल जायेगी इससे किसानो का भला होगा। गाइडलाईन कम होने के कारण भारतमाला प्रोजेक्ट मे भूमाफिया किसानो को अधिक पैसे दिलवाने का झांसा देकर पैसा हड़प लिया गया अगर यही गाइडलाईन दर मे पहले ही संशोधन हो गया होता तो सीधे किसानो को लाभ होता,नगर पालिका क्षेत्र उरला के किसान कमलेश गिलहरे,प्रेमु बंजारे ने कहा कि अभनपुर मे अधिकांश जमीन ढ़ाई से तीन करोड़ रूपया हेक्टेयर के मूल्य से ही बिक रही है उस अनुपात मे शासकीय गाइडलाईन दर मे वृद्धि नही की गई है वही अभनपुर की शासकीय गाइडलाईन दर को संशोधन कर वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर करने का वित्त मंत्री से मांग किया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


**विभागीय लापरवाही का शिकार गरीब वृद्ध आज भी न्याय की आस में**

# नौ साल से वन भूमि पट्टे के लिए भटक रहे हैं 75 वर्षीय सल्टू राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम द्वारतरा के 75 वर्षीय बुजुर्ग सल्टू राम यादव पिछले नौ वर्षों से अपने वन भूमि पट्टा के लिए न्याय और सरकारी दफ्तरों के बीच भटक रहे हैं। उनकी हालत यह है कि उन्हें चलने में भी दिक्कत होती है, फिर भी अपने हक़ की उम्मीद में वे आज तक प्रशासनिक दरवाज़े खटखटा रहे हैं। यह मामला प्रशासनिक संवेदनहीनता और विभागीय उदासीनता का एक बड़ा उदाहरण पेश करता है। बुजुर्ग सल्टू राम का वन भूमि पट्टा शासन से स्वीकृत होकर सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज भी हो चुका है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण यह कभी उनके हाथ तक नहीं पहुंच पाया। सल्टू राम ने बताया कि जब भी वे संबंधित कार्यालय पहुंचे, अधिकारियों ने उन्हें /"आज-कल/" कहकर लौटा दिया। हद तो तब हो गई जब उन्हें यह बताया गया कि उनका स्वीकृत पट्टा दफ्तर से गुम हो गया है। अधिकारियों ने नया पट्टा बनाने का भरोसा तो दिया, लेकिन पिछले नौ साल से उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। सल्टू राम ने नया पट्टा बनाने के लिए विभाग द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज जिसमें मिसल 1938/39, वंशवृक्ष और गांव के बुजुर्गों के कथन शामिल थे।

### कलेक्टर कार्यालय में भावुक पल



बीते बुधवार को सल्टू राम, आदिवासी नेता पन्नालाल यादव के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया। उनके थके हुए स्वर में निकले शब्द सुनकर वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। सल्टू राम ने कहा साहब मेरा गुम हो गया पट्टा दिला दीजिए। उम्र हो गई है, अब और चक्कर नहीं लगा सकता। सल्टू राम ने बताया कि उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है, जिनकी सारी जिम्मेदारी वहीं उठाते हैं। वन पट्टा मिलने की आस में वे जमीन पर काम शुरू करना चाहते थे, लेकिन वर्षों से उन्हें सिर्फ निराशा ही मिली है। आज भी इस उम्र में वे सुबह-शाम मजदूरी करके जैसे-तैसे घर का खर्च चलाते हैं। यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब पट्टा शासन से बन चुका था, रिकॉर्ड में दर्ज था और दस्तावेज पूरे थे, तो फिर एक गरीब बुजुर्ग को नौ साल तक क्यों भटकना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### अगहन गुरुवार को लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में अगहन माह के गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। शिक्षिका गौरी पटेल ने बताया कि इस दिन महिलाएं प्रातः से ही विधि विधान से लक्ष्मी की पूजा में लग जाती है, वैसे तो बुधवार की संध्या को ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। चावल के आटे का घोल बनाकर घर के मुख्य द्वार से पूजा कक्ष तक लक्ष्मी के पदचिन्ह बनाती है और सजाती है। मुख्य द्वार को गोबर से लीपकर रंगोली बनाती है। पद्म पुराण के अनुसार अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी की सच्चे मन से पूजा करने पर घर परिवार में लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है।

### डी फ़ार्मेसी परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डी फ़ार्मेसी सत्र 2024-25 प्रथम वर्ष की परीक्षा परिणाम जारी गई। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। कुल 36 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, महासमुंद जिले का प्रथम कॉलेज है। कॉलेज टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में गरिमा, मुस्कान चौधरी, टाकेश्वर, डिगेश्वरी, सिंधु साहू, चंद्रशीला साहू, भावेश चंद्राकर, भूषण, संजय साहू शामिल है। छात्रों की सफलता पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर एवं अंशु चंद्राकर, डॉ. अंकिता चंद्राकर, डिंपल साहू, संजय कुमार साहू, उमा चौधरी, शीतल साहू एवं टोप राम कुर्रे आदि ने हर्ष जताया है।

### झलप में विशाल रक्तदान शिविर 1 को

**झलप।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान एवं मेकाहारा ब्लड बैंक रायपुर के सहयोग से बाबा गुरु घासीदास के 269वीं जन्म जयंती समारोह पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन झलप में 1 दिसंबर को होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज झलप अठगंवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष भागीरथी मारकंडे व कोषाध्यक्ष किशन कोसरिया ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा व सर्व समाज के लोग शामिल होकर रक्तदान करेंगे। यह शिविर गुरु पर्व माह के आरंभ तिथि 1 दिसंबर सोमवार को गुरुद्वारा के पास मेन रोड झलप में आयोजित किया जाएगा। रक्तदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने लोगों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

### शिक्षक के घर से पांच हजार नगद चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली में रहने वाले एक शिक्षक के घर से नगदी रकम चोरी के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस को शिक्षक श्रवण कुमार प्रधान पिता स्व जुगेश्वर प्रधान (35 साल)वार्ड नं 05 पतेरापाली ने बताया कि 26 नवंबर की रात लगभग 01.30 बजे के आसपास वह अपने घर में था, उसी दौरान उसके बड़े पिताजी मंगता प्रधान उठे और देखा कि घर के अंदर से टिंकू उर्फ तुषार विशाल पिता प्रमोद विशाल ग्राम पतेरापाली गुल्लक (पैसे रखने का पात्र) को लेकर निकल रहा था, जिसे देखकर जोर-जोर से चोर-चोर कहकर चिल्लाने लगे। तब टिंकू उर्फ तुषार विशाल घर के गेट को खोल कर एवं सामने लोहे के 07-08 फीट के गेट को फांद कर कूद गया और वहीं नीचे गिर गया।

**समस्या : अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों का नहीं हो रहा पंजीयन**

# पोर्टल की तकनीकी खामी से सैकड़ों किसान धान बेचने से वंचित, अमलीपदर, राजापड़ाव क्षेत्र में भारी अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में विभागीय अधिकारी -कर्मचारियों के लापरवाही के कारण सैकड़ों किसानों का पंजीयन नहीं हो सक है और लगातार किसान तहसील कार्यालय से लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचकर समस्या बता रहे हैं लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। मैनपुर ब्लॉक के अमलीपदर क्षेत्र ऐसी ही एक अनोखा मामला सामने आया है जिसमें एक गांव साल्हेभाठा के किसानों का एग्री स्टेक नहीं हो पाया है, जिसके कारण किसान धान बेचने से वंचित हो रहे है, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्मृति ठाकुर के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय पहुंचकर समस्या से अवगत कराया साथ ही जल्द समस्या समाधान करने की मांग किया है। ज्ञात हो कि 15 नवंबर को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गया है लेकिन एग्री स्टेक पोर्टल में दूसरे तहसील के किसानों का नाम दूसरे तहसील में जुड़ जाने से बेहद परेशान हो गये है और लगातार किसान इस समस्या के समाधान के लिए तहसील, अनुविभाग व जिला कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से किसान बेहद परेशान हो गए है। गरियाबंद जिले के अमलीपदर तहसील क्षेत्र के ग्राम साल्हेभाठा से ऐसे बड़े मामला सामने आया है जिसमें राजस्व ग्राम साल्हेभाठा तहसील अमलीपदर के राजस्व अभिलेख एग्री स्टेक पोर्टल में किसानों का नाम उल्लेखित नहीं होकर मैनपुर तहसील के राजस्व ग्राम साल्हेभाठ में प्रदर्शित हो रहा है जिसके कारण सैकड़ों किसानों का एग्री स्टेक पार्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा है और किसानों को धान पंजीयन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने एग्री स्टेक पोर्टल में ग्राम साल्हेभाठा तहसील अमलीपदर में इंद्राज करवाने की मांग किया है ग्राम पंचायत साल्हेभाठा के सरपंच नुरपति, गुनेश्वर, घनश्याम ध्रुव, हुकुमधर, सुकरूराम एवं ग्रामीणों ने बताया की इस समस्या को लेकर ग्रामीणों व किसानों द्वारा एसडीएम एवं गरियाबंद कलेक्टर तक आवेदन देकर थक चुके हैं अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है जिसके कारण हम किसानों को धान बेचने में भारी परेशान होगी। किसानों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग किया है कि एग्री स्टेक पोर्टल में तहसील गड़बड़ी को जल्द सुधार किया जाए।





#### मैनपुर राजापड़ाव क्षेत्र में भी किसान हो रहे हैं परेशान

मैनपुर के राजापड़ाव क्षेत्र के सैकड़ो किसान धान उपार्जन केंद्र शोभा में इस वर्ष धान बेचने से वंचित हो रहे हैं, हर साल सोसायटी में धान बेचने वाला किसान जो पूरी प्रक्रिया के साथ महिनों दफ्तरों के चक्कर काटते हुए दस्तावेज पूर्ण करके सोसायटी में जमा किया गया हो और येन वक्त में किसानों का डीसीएस, गिरदावरी, भौतिक सत्यापन लंबित, ऑनलाइन टोकन का नहीं मिलना, एग्रीस्टेक कैरी फॉरवार्ड और राजस्व में वन पट्टा का नहीं जुड़ना, किसानों के हित में कैरी फॉरवर्ड आईडी को समिति के आईडी में नहीं दिया जाना जिसके कारण किसानों को धान बिक्री करने में भयंकर आफत और दफ्तरों के चक्कर काटने मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा किसानों के साथ पहली बार नौबत देखने को मिल रहा है। समय बहुत कम होने से किसान करे तो क्या करें क्षेत्र के सैकड़ों वंचित किसान, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के लोगों ने 24 नवंबर को एसडीएम कार्यालय मैनपुर पहुंचकर इस मामले का निराकरण के लिए ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर के द्वारा कलेक्टर के नाम सौपकर मांग किया है जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम,सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुनील मरकाम,नरेश नेताम,टीकम मरकाम, सखा राम मरकाम, रोहन नेताम, नकुल नागेश,आसूलाल मरकाम, अशोक मरकाम, गोपाल मरकाम, शिव प्रसाद, मेघनाथ, संजय मरकाम दानेश्वर मरकाम के मध्य कार्यालय में ही जन संवाद हुआ जिसमें एसडीएम मैनपुर के द्वारा सभी प्रमुखों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी किसानों के समस्याओं का निराकरण तय समय सीमा मे कर लिया जाएगा।वही किसानों के हित में वर्षो से संघर्षरत किसान संघर्ष समिति विकासखंड मैनपुर के मुखिया अमृतलाल नागेश, सियाराम ठाकुर, प्रेमसाय जगत,बलीराज ठाकुर, हरिश्चंद्र नेगी,महान सिंह नेगी छवि दीवान द्वारा भी वर्तमान समय मे किसानों को धान बेचने मे आ रही अड़चने एवं वहां पदस्थ कर्मचारियों के समस्याओं को लेकर माँग पत्र सौपी गई है।

#### भाजपा सरकार किसानों को परेशान कर रही है : ठाकुर

जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदेशभर मे किसान परेशान है भाजपा सरकार किसानों को धान खरीदना नही



चाह रही है इसलिए पंजीयन पर ध्यान नही दे रहे है, 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हो गया है लेकिन एक तरफ किसान एग्री स्टेक पंजीयन के लिए भटक रहे है बार -बार तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे है साल्हेभाठा सहित क्षेत्र के किसान बेहद परेशान है, गिरदावली के समय भारी त्रुटियॉ है जिसे सुधारवानें किसान परेशान हो रहे है,श्रीमती स्मृति ठाकुर ने कहा कि गरियाबंद जिला के कलेक्टर को चाहिए कि किसानों की समस्या को देखते हुए इस ओर गंभीरता से ध्यान दे और किसानों को पंजीयन और एग्री स्टेक का कार्य जल्द से जल्द पुरा करवाया जाए। वहीं दूसरी ओर इस वनांचल क्षेत्र में टोकन काटने में किसानों को परेशानी आ रही है सर्वर डाउन के चलते किसान परेशान है, धान खरीदी केन्द्र में पहुंचने पर वहां तौल करने वाला नही है।

## नवीन महाविद्यालय गोहरापदर में मनाया जनजातीय गौरव दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिरसा मुंडा की जयन्ती पर शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर में 26 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया, भारत सरकार द्वारा हर 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य एवं बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को समर्पित 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर तथा आदिवासियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किए जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अभिमन्यु ध्रुव, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष तानसिंह मांझी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी, हलमन सिंह ध्रुवा, सनत पटेल, चंद्रप्रकाश साहू, प्रकाश कश्यप, अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी, रंजन यादव, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक अतिथि प्राध्यापक व महाविद्यालय के समस्त छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता अभिमन्यु धुरव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत भूमि पर ऐसे कई नायक पैदा हुई जिन्होंने इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखवाया अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोनवानी ने इस जनजातीय गौरव दिवस को सफल बनाने के लिए उपस्थित मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष स्टाफ के सभी सदस्यों व छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक महेन्द्र साहू ने किया।

## योग प्रशिक्षण शिविर 13 से

**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रक्षालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से 8.30 बजे, महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। आयोजकों ने नगर व ग्रामवासियों से योग शिविर में शामिल हो लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## धान कटाई अंतिम चरण में कही हार्वेस्टर से तो कहीं मजदूर से कर रहे हैं कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में धान कटाई का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है, किसान जल्द से जल्द धान कटाई और मिजाई में लग गए हैं, जिसके कारण इन दिनों मजदूर नहीं मिल पा रहा है, अपने खुन पसीने की कमाई को सहजने में किसान जुट गये है, सुबह से देर रात तक खेतों में चहल, पहल दिखाई दे रहा है वहीं हार्वेस्टर और ट्रैक्टर वालों के पास समय नही है, पिछले एक माह से मौसम साफ होने के साथ ही धान कटाई कार्य जोर पकड़ा और धान की कटाई कर उसे सीधा किसान धान उपार्जन केन्द्र ले जा रहे है धान की कटाई और मिजाई में पुरे परिवार लगे हुए है, इस क्षेत्र के अधिकांश परिवार का जीवन यापन धान के भरोसे ही होता है अच्छे उत्पादन की उम्मीद लगा रहे है किसानों के पास अब समय ही नही है बडे किसान अपने धान की फसल को हार्वेस्टर के माध्यम से कटावा रहे है, ईधर किसानों को द्वारा



कृशि कार्य में ट्रैक्टर के अलावा पारंपरिक रूप से इस्तेमाल होने वाला बैलगाडी, बेलन सहित अन्य साधनों से धान मिजाई कर रहे है, पहले एक एकड़ धान कटाई के लिए मजदूर जंहा 1000 से 1200 रूपये लेते थे अब 1500 से 2000 रूपये पहुच गया है। क्षेत्र के कई किसान अपने घर के उपयोग के लिए पतला धान उत्पादन करते है इस धान को बडे ही सावधानी पूर्वक किसान कटाई कर अपने खलियान तक ला रहे है जिसे धान की खरही जमाकर रख रहे है, जब उपार्जन केन्द्र धान की बिक्री कर लेंगे तब अपने उपयोग के लिए रखे गये धान को पारम्परिक तरीके बेलन, दौरी तथा ट्रैक्टर के माध्यम से मिजाई करेंगे क्योकि इस धान का चावल का उपयोग घर में खाने के लिए करते है इसलिए बड़ी सावधानी के साथ इसकी मिजाई की जाती है।

## सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में मंगलवार को संविधान दिवस बड़े ही गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब निर्देशक जार्ज जेकब एवं समस्त टीचर स्टाफ द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत के संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों को संविधान की बुनियादी संरचना, अधिकारों, कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने संविधान पर आधारित भाषण, निबंध, क्विज़, पोस्टर प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से संविधान निर्माताओं पर आधारित नाटक एवं देशभक्ति गीतों ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को भारत के लोकतांत्रिक ढांचे, संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यालय प्रबंधन का कहना था कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में जागरूक नागरिकता, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित संस्था के निर्देशक जार्ज जेकब, प्राचार्या बिंदु जार्ज जेकब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य, प्रबंधक आशीष जेकब सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन संविधान दिवस का उत्साह देखने को मिला।

## वनांचल के ग्रामों में मिलों पैदल चल एसआईआर कार्य में लगे हैं बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



इन दिनों पूरे प्रदेश में एसआईआर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है जिसके लिए शिक्षकों को बीएलओं रूप मे डयूटी में लगाई गई है। इस कार्य में जिले के कलेक्टर से लेकर ब्लॉक स्तर के अंतिम अमला के अधिकारी -कर्मचारी कार्य को गति देने दिन-रात मेहनत करते दिखाई दे रहे है लेकिन सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना वनांचल मैनपुर आदिवासी क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी ग्रामों में हो रही है जहां कई स्थानों पर मोबाईल नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण बीएलओं को एसआईआर फार्म भरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा ऐसे ग्राम है जहां पहुंचने के लिए न तो सड़क है और



न ही वाहन पहुंच पाते हैं। ऐसे ग्रामों में एसआईआर सर्वे चुनौतियों के बीच जान जोखिम में डालकर करना पड़ रहा है। शिक्षक बने बीएलओं, ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक और कोटवार मिलो पैदल दूरी तय कर पहुंच रहे है, एक बार में ग्रामीण नहीं मिलते तो गांव में ही रूककर दो से तीन दिनों में कार्य को पूरा करना पड़ रहा है, तो वहीं मैदानी ईलाके में भी बीएलओं घर-घर दस्तक दे रहे हैं।

### स्काउट्स-गाइड्स का मनोबल बढ़ाने पहुंचे पदाधिकारी

**बागबाहरा।** स्काउटिंग एक युवा आंदोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से विकसित करना है। स्काउटिंग में युवा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं, जैसे कि कैंपिग, ट्रेकिंग, प्राथमिक चिकित्सा, और समुदाय सेवा, जो उन्हें स्वतंत्र, आत्मविश्वासी, और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाती हैं। इस जांच शिविर में पर्यवेक्षक राम कुमार साहू एवं सुशील शर्मा पहुंच कर कैंप की गतिविधियों को ध्यान देते हुए मानचित्र बनाना व उसके उपयोग के बारे में समझाए। स्काउट गाइड के मनोबल बढ़ाने के लिए स्थानीय संघ के पदाधिकारियों ने लगातार बच्चों से रूबरू होकर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ले रहे है। गत दिवस जिला उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, स्थानीय संघ अध्यक्ष पंकज हरपाल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि लोकेश्वर चंद्राकर ने बैजेस की जानकारी लिए।

## पेज 11 के शेष...

### नवापारा में ट्रैफिक...

द्वारा नवापारा में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से वाहनों पर नजर रखा जा रहा है। वाहनों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था को शहरवासियों ने सराहना किया है। सूत्रो की माने तो आगामी दिनों में नगर के गंज रोड, सदर रोड, पारागांव रोड, रायपुर रोड में सीसी टीवी कै मरे परिवहन विभाग द्वारा लगाने की तैयारी कर ली गई है। ऑनलाइन मॉनिटरिंग आरम्भ होने से वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे। जिससे आवागमन व्यवस्थित रहेगा एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### स्वच्छ भारत...

है जिसके कारण इसका उपयोग नहीं हो रहा है। **मॉडल शौचालय का भी हाल-बेहाल**-मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 25 स्कूलों में 07 वर्ष पहले मॉडल शौचालय का निर्माण किया गया था एक शौचालय में 07–08 लाख रुपए खर्च की गए थे इन शौचालय की भी हालत बेहद खराब है यह शौचालय आज तक उपयोग में नहीं लाया गया क्योंकि मॉडल शौचालय में पानी की सुविधा नहीं है गौरघाट, देहरगुड़ा सहित एक दर्जन ग्रामों में मॉडल शौचालय का निर्माण किया गया था सभी जर्जर स्थिति में पड़ा है,क्षेत्र के स्कूलों में कई मदों से शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जिसमें कई शौचालय के राशि आहरण के बावजूद कहीं शौचालय निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है तो कहीं राशि आहरण के बाद पैसा गबन किए जाने की भी मामला सामने आई है इस मामले में शिकायत के बावजूद न तो अब तक जांच हुआ ना ही किसी प्रकार की कार्यवाही की गई, शासकीय स्कूल पयलीखंड में तीन लाख रुपए के लागत से शौचालय निर्माण कार्य के लिए नीव खुदाई कर निर्माण कार्य पिछले 4 वर्षो् से अधूरा पड़ा हुआ है कई बार शिकायत किया जा चुका है लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य अधूरा है अभी तक शौचालय में टाइल्स सेवा अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है मजबूरन अधूरे शौचालय का उपयोग किया जा रहा है इसके संबंध में भी स्थानीय नगरवासियों द्वारा कई बार शिकायत किया जा चुका है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर परिसर में 2 वर्ष की भीतर तीन नए शौचालय का निर्माण किया गया है तीनों शौचालय अधूरा पड़ा हुआ है इसमें पानी वी टाइल्स नहीं लगा है जब ब्लॉक मुख्यालय में यहां स्थित है तो दूरस्थ वनांचल की स्कूलों की बात छोड़ दीजिए, मैनपुर नगर के मिडिल स्कूल में शिक्षकों ने अपने स्वयं के खर्चे से एक छोटा सा शौचालय का निर्माण किया है 160 बच्चे इस शौचालय का उपयोग करने मजबूर हो रहे हैं, जबकि नगर स्थित स्कूलों का आए दिन शिक्षा विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है बावजूद इसके अब तक नगर के स्कूलों में सुविधा युक्तशौचालय की व्यवस्था नहीं की गई है।

### दो बाइक आमने...

व्यवस्था की गई। अमलीपदर-देवभोग मार्ग पर पिछले कुछ महीनों में लगातार हादसे बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में भी इसी मार्ग पर कई सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं, जिनमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता की भारी कमी है। तेज रफ्तार, ओवरटेक करने की प्रवृत्ति और सड़क नियमों की अनदेखी आए दिन दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## कार्यक्रम : धार्मिक कार्यक्रम दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा, नानी बाई मायरा का कार्यक्रम, रात 8 बजे पं. मेहता का प्रवचन

# श्रीराधाकृष्ण मंदिर का शताब्दी महोत्सव आज निकलेगी कलश शोभायात्रा व नानी बाई मायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रीराधाकृष्ण मंदिर में इन दिनो पूरे महिने भर का धार्मिक उत्सव चल रहा है। आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे बहुत ही आकर्षक विशाल कलश शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ मंदिर से निकलेगी। दोपहर 3 बजे से नानी बाई मायरा का कार्यक्रम होगा। रात 8 बजे श्री विजय शंकर मेहता का प्रवचन होगा। बता दें कि सोमवार 24 नवंबर से प्रतिदिन विष्णु महायज्ञ प्रातः 7 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक हो रहा है जो 30 नवंबर रविवार तक चलेगा। तय कार्यक्रम के मुताबिक कल 29 नवंबर शनिवार को हेमंत बृजवासी मंडली वृंदावन का भजन कार्यक्रम शाम 7:30 बजे से रात 10:30 बजे तक चलेगा। इसी तरह परसो 30 नवंबर रविवार को दिल्ली के लीला स्पिरिचुअल बैंड का भजन शाम 7:30 बजे से रात 10:30 बजे तक होगा।

यह ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम श्रीराधाकृष्ण मंदिर के पूरे 100 वर्ष होने पर शताब्दी महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। सबसे पहले क्रम में नगरवासियो का बहुत ही शानदार भोज कार्यक्रम कराया गया जिसमें हर धर्म जाति के 50 हजार लोग भोजन प्रसादी प्राप्त किए। ऐसा कार्यक्रम शहर में पहली बार देखने को मिल रहा है। यज्ञाचार्य के रूप में पं संतोष मिश्रा एवं उपाचार्य देवेंद्र दुबे के साथ काशी से पहुंचे 13 विद्वान ब्राम्हण एवं अंचल के विद्वान ब्राम्हण मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुति डलवा रहे है। यजमान के रूप में अग्रवाल परिवार के प्रतीक-पूजा अग्रवाल,एवं नयन-निधि अग्रवाल बहुत ही कठिन वैदिक नियमो का पालन करते हुए यज्ञ में श्रद्धाभाव से बैठ रहे है। हवन की चारो ओर फैल रही मन को शांति देने वाली सुगंध एवं एक तरफ कामधेनु गाय के दर्शन करने मात्र से दिव्य अनुभूति हो रही है।

### आयोजन में शामिल होने का आग्रह





खास बात यह है कि कलकत्ता, दिल्ली, बॉम्बे, टाटानगर आदि शहरों से रेखराज परिवार के वंशज जो लगभग 300 की संख्या में पहुंचे हुए है। विद्वान ब्राम्हणों के ठहरने की व्यवस्था, सिंध गुरुद्वारा, जैन भवन, होटल, धर्मशालाएं और कईयो निजी निवास को लिया गया है। श्रीराधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के साथ इस आयोजन से जुड़े हर धर्म समाज के सेवाधारी रात दिन इस आयोजन को सफल बनाने लगे हुए है। श्रीराधाकृष्ण मन्दिर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहन लाल अग्रवाल, गोपाल एवम गिरधारी अग्रवाल ने नगर वासियों के साथ -साथ अंचल वासियों से इस विशाल विष्णु महायज्ञ एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

### जगह-जगह स्वागत करने नगरवासियों ने की तैयारी



राधाकिशोरी जी, जो नानी बाई का मायरा कथा सुनाने वृंदावन से पधार रही है वे इस कलश यात्रा में बहुत ही सुसज्जित रथ पर विराजमान रहेगी, इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक टोलियां भी इस आयोजन में चार चाँद लगाएगी। आगे-आगे 7 घोड़े जो धर्म ध्वजा फहराते हुए चलेंगे। राजनांदगांव से एक टीम पहुंच रही है जो कलश यात्रा के दौरान बड़ी-बड़ी रंगोली बनाते चलेगी। वहीं महाकाल एवं अघोरियों की टोली अघोरी नृत्य पेश करते आगे बढ़ेगी। राउत नाचा,उड़ीसा पदमपुर से 35 लोगो की टोली बड़े बड़े झांझ, मंजीरा लेकर नृत्य करने वाली टोली, बस्तर से 40 लोगों की आदिवासी परिधान में बस्तर की पहचान लिए महिला एवं पुरुषों की टोली विशेष वाद्य टोली के साथ अद्भुत नृत्य करते हुए चलेंगे। श्रीराधाकृष्ण भगवान की झांकी, भजन मंडली आदि मनमोहक झांकिया इस विशाल कलश यात्रा में रहेगी। श्रीराधाकृष्ण मंदिर दुल्हन की तरह दिखाई दे रहा है। जैसे वृंदावन में बांके बिहारी में फूल बंगला सजाया जाता है वैसे ही इस मंदिर परिसर को सजाने कलकत्ता से टीम आई है। श्रीराधाकृष्ण मंदिर में भगवान जगन्नाथ, मां दुर्गे भवानी, शिव परिवार एवं हनुमान जी भी विराजे हुए हैं। पूरे नगर को झालर लाइट, तोरण पताका, वंदनवार से सजाया गया है, कलश यात्रा का नगर के विभिन्न समाज, व्यापारी गण एवं समितियों के द्वारा जगह-जगह स्वागत करने नगरवासियों ने तैयारी की है। उत्साह एवं खुशी का जबर्दस्त माहौल है। पूरे नगर के मार्ग को नगरपालिका द्वारा सफाई किया गया है। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पेट्रोलिंग की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### रूवाड़ में स्कूल भवन की समस्या, सरपंच ने शिक्षा मंत्री को सौंपा आवेदन

**रसेला।** ग्राम पंचायत रूवाड़ के स्कूली बच्चों को भवन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि शाला तीन पालियों में संचालित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत रूवाड़ के सरपंच विजय कृष्ण नागेश ने मैनपुर मुख्यालय पहुंचकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को एक औपचारिक आवेदन सौंपा। सरपंच नागेश ने बताया कि वर्तमान स्कूल भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है और कमरों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण बच्चों को तीन-तीन पालियों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। इससे शिक्षकों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। ग्रामीणों और पालकों की लंबे समय से मांग है कि गांव में नए स्कूल भवन का शीघ्र निर्माण कराया जाए। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आवेदन प्राप्त करते हुए आश्वस्त किया कि रूवाड़ में स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति शीघ्र ही प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता सुधारने के लिए कृतसंकल्प है, तथा जहां भी भवन संबंधित समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता से दूर किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आशा जताई है कि शिक्षा मंत्री के आश्वासन के बाद अब रूवाड़ के बच्चों को जल्द ही बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

## निधन

### फगन बाई



**नवापारा-राजिम।** पूर्व पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर देवांगन के माता जी फगन बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में मुहल्ले एवं शहरवासी शामिल हुए।

---

# क्रीड़ा परिसर में सीट वृद्धि सहित ज़मीन विवाद समाधान की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आज सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि, विभिन्न समाज प्रमुख और सरपंच संघ के पदाधिकारी एकजुट होकर छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जाधारी रूप सिंह मंडावी से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को रखते हुए ज्ञापन सौंपा। मुलाक़ात के दौरान आदिवासी क्रीड़ा परिसर में वर्तमान 100 सीटों को बढ़ाकर 150 सीट करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। प्रतिनिधियों ने बताया कि सीटों की कमी के चलते जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशिक्षण और आवास सुविधा में कठिनाई हो रही है। इसके साथ ही 165/ख और 170/ख भूमि विवाद के शीघ्र निराकरण, वन अधिकार पट्टा वितरण में तेजी लाने और आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचारों पर प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता को भी आयोग अध्यक्ष के समक्ष मजबूती से रखा गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि ये सभी मामले लंबे समय से लंबित हैं, जिन्हें सुलझाना जनहित और आदिवासी समुदाय के विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। सर्किट हाउस में हुई इस मुलाक़ात के दौरान आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि जिला और समाज से जुड़े इन महत्वपूर्ण मामलों पर जल्द ही समाधान के दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

---

# संविधान और मितानिन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम पंचायत रसेला में 27 नवंबर को संविधान और मितानिन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं में सक्रिय सभी मितानिनों का श्रीफल, साड़ी और चंदन तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित मितानिनों में जाफरीन बेगम एमटी, बिमला मानिकपुरी, सुशीला सिन्हा, फुलबासन ठाकुर, दीप कुमारी ठाकुर, तरूण यादव, देवबत्ती मार्कडेय, बिसवासा ध्रुव, बैसाखिन,दुलम यादव सहित पंचायत क्षेत्र की सभी मितानिने शामिल रही। कार्यक्रम में सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, पुरोहित यादव पंच, कुबेर बारिक, कमलेश्वर नायक, सगुन दास तथा सचिव रुपसिंह यादव मौजूद रहे। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा की मितानिन गांव की असली सेवा दूत हैं। ये प्रत्येक घर तक स्वास्थ्य जागरूकता, प्राथमिक उपचार और देखभाल पहुंचती हैं। इनकी निष्टा और सेवाभाव से ही गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बन पाती है। उपसरपंच परमेश्वर यादव अपने उद्बोधन में कहा कि मितानिन बहनें ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि प्रसूति सेवाओं से लेकर टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन से लेकर प्राथमिक उपचार तक हर चुनौती में मितानिन बहनें सदैव तत्पर रहती है। इसी कड़ी में ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश में और गांवों में स्वास्थ्य के क्षेत्र अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही है, उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में शानदार उदाहरण है। वरिष्ठ नागरिक कमलेश्वर नायक ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर के 125 वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवंबर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। आगे कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार स्तंभ है। सचिव रूपसिंह यादव ने कहा कि आज सौभाग्य का विषय है कि हम सब 75 वा संविधान दिवस मनाने एकत्र हुए हैं। आप सभी लोगों को संविधान दिवस की बहुत बधाई व शुभकामनाएं। इस मौके पर एमटी जाफरीन बेगम ने कहा कि 21 साल पहले मितानिन बहनों द्वारा मातृ स्वास्थ्य,शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य शुरू किया गया था। फिर उन्होंने मलेरिया, दस्त, टीबी और कुष्ठ जैसे रोगों से लडने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और आज वे मानसिक स्वास्थ्य, बीपी, शुगर आदि के लिए भी समुदाय को सेवाओं से जोड़ रही है। इस दौरान पंच रजनी बाई यादव, दमयंती नागेश, सरिता ठाकुर, मालती मरकाम, देवकी ठाकुर, आवास मित्र मूलचंद सोरी, भृत लक्ष्मण यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# मितानिन व आंबा कार्यकर्ता और सहायिकाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत दादरगाव नया मे गुरुवार को सम्मान समारोह हुआ। जिसमें मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और पत्रकारों का किया गया सम्मानित। समारोह में सर्वप्रथम छतीसगढ़ी महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सरपंच हेमलता ध्रुव, उपसरपंच गेश्वर नेताम, सचिव लक्ष्मण भोई, परमेश्वर यादव, परमेश्वर राजपूत, चन्द्रहास निषाद, मनोज गोस्वामी, परसराम सिन्हा, पुनित राम ठाकुर, भूपेद सिन्हा, सहकारी समिति रसेला के प्राधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम, सहित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सरपंच हेमलता ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में प्राथमिक व्यवहारिक शिक्षा आंगनबाड़ी में होती है, साथ ही मितानिनों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य पूरक, गर्भावस्था की देखभाल, पौष्टिक अहार व समाज में जानकारी प्रदान करती है। समाज में अहम भूमिका होती है शासन की योजनाबद्ध तरीके से पालन कराने में विशेष सहयोग रहा है। ऐसे में इन्हें सम्मानित करना हम सभी के लिए गर्व की अनुभूति है। सभी मितानिनों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। वहीं वहां पर उपस्थित पत्रकारों को सरपंच, उपसरपंच, पंच द्वारा श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं खुश नजर आई। उनका कहना था कि बच्चों के लिए काम करने के बाद सम्मान प्राप्त होना एक गर्व की बात है। परमेश्वर राजपूत ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवा अनमोल है, जो बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करतीं हैं और साथ ही बच्चों को सुपोषित भोजन कराकर कुपोषण से दूर रखतीं हैं व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनका संपूर्ण देखभाल करने का काम निस्वार्थ भाव से करती है।

### ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी





इसी कड़ी में परमेश्वर यादव ने कहा कि मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की जितनी तारीफ की जाएं वह कम है। इस अवसर पर मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि गांव के स्वास्थ्य और पोषण सुधारने में मितानिनों और आंगनबाड़ी टीम का संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम के दौरान मितानिनों ने बच्चों के टीकाकरण, कुपोषण रोकथाम, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और स्वास्थ्य परीक्षण की आगामी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विशेष रूप से महिलाओं और किशोरियों में पोषण जागरूकता को लेकर आगे कैंप आयोजित करने की बात भी कही गई। इस मौके पर सभी उपस्थित पत्रकारों ने सरपंच सहित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मान देने के लिए दिल से आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। सम्मान समारोह सोहार्दपूण वातावरण में संपन्न हुआ।

---

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने की विधायक से मुलाकात



नवापारा-राजिम। गुरुवार को चंपारण-नवागांव परिक्षेत्र साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गैंदराम साहू, महिला उपाध्यक्ष कमला-बलदेव साहू पूर्व जनपद सभापति, संगठन सचिव भुवन साहू सहित अन्य सामाजिक जनों ने विधायक इंद्रकुमार साहू के नवापारा स्थित उनके कार्यालय पंडित ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन में पहुंचकर सौजन्य भेंट मुलाकात किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला, शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने समाज हित में सदैव कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, पार्षद सभापति सचिन सचदेव, पार्षद नम्मू ध्रुव, धीरज साहू, पार्षद जग्गू यादव, तनु मिश्रा, ग्राम तर्री के सरपंच प्रतिनिधि लखन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



Ajay Advt.



Ajay 9827144371

---

## डीएसडब्ल्यू डॉ. सुभाषिस बिस्वास ने अनुच्छेद 20 और 21 दी जानकारी

# भारतीय संविधान देश की सर्वोच्च न्यायिक संहिता है : डॉ. बीपी भोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय में 76वां संविधान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" रही। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय पदाधिकारियों, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अभिनंदन एवं स्वागत भाषण से हुई, इसके उपरांत सरस्वती पूजा का आयोजन हुआ। कानून संकाय की छात्रा चिन्मया ध्रुव ने मधुर स्वर में राजकीय गीत प्रस्तुत किया। संविधान की उद्देशिका का वाचन कानून संकाय की छात्रा रोशनी देवांगन द्वारा किया गया। इसके बाद कानून संकाय की सहायक प्राध्यापिका सुकृति पाठक ने मुख्य अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के डॉ. आनंद महलवार, माननीय कुलपति ने मौलिक कर्तव्यों का विस्तार से अवलोकन किया और यह समझाया कि ये कर्तव्य प्रत्येक नागरिक के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं, तथा उनके पालन से समाज और राष्ट्र के विकास में किस प्रकार योगदान होता है।" तत्पश्चात रजिस्ट्रार डॉ. बीपी भोल ने संविधान के संबंध में कहा कि "भारतीय संविधान देश की सर्वोच्च न्यायिक संहिता है। यह नागरिकों को उनके मूल अधिकार प्रदान करता है। संशोधनों के माध्यम से भारतीय संविधान गणतंत्र का एक जागरूक प्रहरी बना रहता है। देश-काल की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संविधान में समय-समय पर संशोधन किए जाते हैं।"" तत्पश्चात डॉ. एनके स्वामी, डीन एवं आईक्यूएसी निदेशक ने मौलिक अधिकार का परिचय दिया, "साथ ही उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि विधि के क्षेत्र में उनके लिए उज्ज्वल भविष्य और असीमित अवसर मौजूद हैं। तत्पश्चात डीएसडब्ल्यू डॉ. सुभाषिस बिस्वास ने संविधान के महत्व पर गहराई से प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि संविधान हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को सुनिश्चित करता है। एडवोकेट प्रियांश धर दीवान, अधिवक्ता, (जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर) एवं (विधिक सलाहकार, राष्ट्रीय राजमार्ग) ने बच्चों को (दोहरे दंड की स्थिति) के बारे में बताया तथा अनुच्छेद 20 और 21 सहित महत्वपूर्ण कानूनी ज्ञान साझा किया, जो बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष रागिनी सोनी ने अपना पूरा योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कानून संकाय के सहायक प्राध्यापक आकाश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम में योगदान देने वाले सभी अतिथियों, अधिकारियों, शिक्षकगण और छात्रों का हृदय से आभार व्यक्त किया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम संविधान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को बढ़ावा देने में अत्यंत सफल रहा। छात्रों और उपस्थित सभी व्यक्तियों को संविधान के प्रति जागरूक करने और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व को समझाने में यह कार्यक्रम बेहद प्रभावशाली रहा।

